जो शिव नाम होठों पे चढ़ गया रे

जो शिव नाम होठों पे चढ़ गया रे ,
तो समझो ये जीवन संवर गया रे,

मन में बसा ले तू शिव काशी वाला ,
साथ चलेगा तेरे डमरू वाला ,
जो मन शिव की भक्ति में रम गया रे ,
तो समझो ये जीवन संवर गया रे,

जग की ये माया बड़ी उलझावे ,
पाप कर्म भगति के आडे आवे ,
जो शिव जी ने हाथ सर पे धर दियो रे ,
तो समझो ये जीवन संवर गया रे,

बम बम बासुकी का नाम बड़ा प्यारा ,
नाम ने लाखों को पार उतारा ,
जो भोले ने हाथ पकड़ लियो रे ,
तो समझो ये जीवन संवर गया रे ,

जो शिव नाम होठों पे चढ़ गया रे ,
तो समझो ये जीवन संवर गया रे ,

भजन गायक - सौरभ मधुकर
संपर्क - 9831258090

स्वर - सौरभ मधुकर

https://alltvads.com/bhajan/lyrics/id/6729/title/jo-shiv-naam-hotho-pe-chad-gaya-re-to-smj-ye-jeewan-sanvar-gaya-re

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |